प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में छठे चरण की चार सीटों– रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह के लिए आज खत्म होगा चुनाव प्रचार, कल बूथों पर रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए तेज हुआ प्रचार–प्रसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 को राजमहल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन आज जमशेदपुर में करेंगे सभा।
- टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड पांच दिन बढ़ी, ईडी ने मामले में तीन हजार करोड रूपये की कमीशनखोरी का किया दावा।
- राज्य के कई हिस्सों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण आज से चार दिनों तक आंधी–बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट।
- आईपीएल के एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हराकर क्वालिफायर–टू में किया प्रवेश ।

******************

झारखंड में लोकसभा के छठे चरण के चुनाव के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन है। आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। प्रत्याशी कल घर–घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। राज्य की चार सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में 25 मई को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। इन चारों संसदीय सीटों पर कुल तिरानबे उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सबसे अधिक सत्ताइस प्रत्याशी रांची से चुनाव मैदान में हैं। वहीं धनबाद और जमशेदपुर में पच्चीस–पच्चीस और गिरिडीह में सोलह प्रत्याशी हैं। चारों सीटों के लिए बयासी लाख सोलह हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इधर, पोलिंग पार्टियां कल से बूथों के लिए रवाना की जाएंगी।

******************

राज्य में सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को राजमहल लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा करेंगे। वे राजमहल और गोड्डा के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में होगी।

वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन आज जमशेदपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा कल देवघर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में एक रैली का आयोजन किया गया है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन शामिल होंगे।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल गोड्डा जिले के शहरी क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केन्द्रों पर बीएलओ से मतदान की तैयारी, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण आदि की जानकारी ली, साथ ही साथ मतदान केन्द्रों पर वॉलेंटियर की तैनाती एवं उनके कार्य दायित्व के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखने की हिदायत दी।

******************

जामताड़ा जिले में जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

******************

टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य के मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि पांच दिन और बढ़ गई है। मंत्री की रिमांड अवधि कल पूरी होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां ईडी ने आगे की पूछताछ के लिए कोर्ट में आवेदन देकर आठ दिनों की रिमांड मांगी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने मंत्री की रिमांड अवधि सत्ताइस मई तक के लिए बढ़ा दी है।
इधर, ईडी ने दावा किया है कि ग्रामीण विकास विभाग में तीन हजार करोड़ रूपये का घोटाला हुआ है। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत से जुड़े हलफनामे में इस घोटाले का जिक्र किया है।
वहीं प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने ठेकों में कमीशनखोरी मामले को लेकर आईएएस अधिकारी मनीष रंजन को समन जारी किया है। ईडी ने कल सुबह ग्यारह बजे पूछताछ के लिए श्री रंजन को अपने कार्यालय में बुलाया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

गुमला जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह पीवीटीजी समुदाय के लोगों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में पीवीटीजी समुदाय का कोई भी व्यक्ति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करें। उन्होंने अधिकारियों से इस समुदाय के लोगों को जल–जीवन मिशन, जन–धन, केसीसी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आवास और उज्जवला योजना का लाभ देने को कहा।

*******************

कोडरमा के नगरखारा में कल शाम पिज्जा खाने से एक ही परिवार के नौ लोग बीमार हो गए हैं। इन्हें उल्टी होने की शिकायत के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। इन सभी का चिकित्सक की निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

*******************

भगवान गौतम बुद्ध की जयंती आज राज्य सहित देशभर में बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, सद्भाव और मानवता तथा सभी प्राणियों के प्रति प्रेम का संदेश दिया है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षा नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और प्रज्ञावान जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में आज से अगले चार दिनों तक आंधी–बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आएगी।
मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से बांग्लादेश के बीच गुजरने वाली टर्फ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड में दिख रहा है।

*******************

कल रात खेले गए आईपीएल के एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम ने क्वालिफायर–टू में प्रवेश कर लिया है। कल उसका मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद के साथ होगा। इस मैच में जीतने वाली टीम छब्बीस मई को फाइनल में कोलकाता का मुकाबला करेगी।

******************

संक्षिप्त खबरें–

- धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दस वर्षों के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई की अनुमति मिल गई है। इसके लिए मेडिसिन विभाग में कुल छह सीटों पर दाखिला लिया जा सकेगा।
- सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में कल शाम वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में गांव के चार अन्य युवक घायल हो गए हैं।

******************

अखबारों की सुर्खियां

झारखंड से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने राज्य में ईडी और कल हुई चुनावी रैलियों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ईडी के हवाले से लिखता है–ग्रामीण विकास विभाग में तीन हजार करोड़ रूपये की कमीशनखोरी।

हिन्दुस्तान ने आईएएस मनीष रंजन को ईडी द्वारा समन भेजे जाने की खबर को सुर्खी बनाई है।

दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर ने शिवराज सिंह चौहान और प्रियंका गांधी की चुनावी सभा को पहले पेज पर जगह दी है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है–आरोप–प्रत्यारोप के बीच जोर आजमाइश।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की धनबाद में हुई चुनावी सभा को अपनी पहली खबर बनाई है।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार की खबर को प्रमुखता दी है।

******************